II

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अमीन)बेगूसराय–11 / 2022 5336 **पटना, दिनांक :–** 30/6/2023

आदेश

सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी(मु0), बेगूसराय के पत्रांक 757 दिनांक 19.04.2023 द्वारा श्री सूरज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03526) के विरूद्ध कार्य में लापरवाही तथा सर्वे कार्य की प्रगति कुप्रभावित होने के साथ–साथ इनके कार्य प्रणाली में सुधार लाने के दृष्टिगत निर्गत किए गए पत्रों के बावजूद कार्यशैली में सुधार नहीं होने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा भेजी गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4362 दिनांक 23.05.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। आरोपित द्वारा स्पष्टीकरण में यह अंकित किया गया है कि इनके द्वारा दिनांक 21.03.2023 को खानापुरी मानचित्र एजेंसी को समर्पित किया गया है। साथ ही यह भी अंकित किया गया है कि कुल 258 खेसरों का याद्दाश्त संधारित कर लिया गया है एवं बचे खेसरों का भी जल्द–से–जल्द संधारित करने की बात कही गयी है। साथ ही कार्य में हुए विलंब के लिए सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत यह पाया गया है कि इनको आवंटित राजस्व ग्राम अत्यन्त छोटे थे, इसके बावजूद इनके द्वारा कार्य में अत्यधिक विलंब किया गया है। चूंकि इनके द्वारा खानापुरी कार्य पूर्ण करने एवं बचे हुए खेसरों का याद्दाश्त शीघ्र संधारित करने के बात कही गयी है, अतः इनके स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए कार्य में बरती गयी लापरवाही के लिए 03 माह के मानदेय कटौती का दण्ड दिया जाता है।

साथ ही दिनाक 31.07.2023 तक इनको आवंटित ग्राम का प्रारूप प्रकाशन नहीं होता है, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

30/6/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अमीन)बेगूसराय–11 / 2022 5336 **पटना, दिनांक :–** 30/06/2023

प्रतिलिपि :– श्री सूरज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03526), बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अमीन)बेगूसराय–11 / 2022 5336 **पटना, दिनांक :–** 30/06/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अमीन)बेगूसराय–11 / 2022 5336 **पटना, दिनांक :–** 30/06/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/6/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप